डीएम ने की पल्स पोलियो अभियान की समीक्षा

नवादा। जिला पदाधिकारी, नवादा रवि प्रकाश की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में 22 नवंबर 2026 से प्रारंभ होने वाले अनु-राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान (एस एन आई डी) एवं नियमित टीकाकरण के सफल क्रियान्वयन को लेकर जिला टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अभियान की तैयारियों, नियमित टीकाकरण, वैक्सीन प्रिवेंटेबल डिजीज सर्विलांस तथा अभियान के प्रभावी संचालन एवं अनुश्रवण की विस्तृत समीक्षा की गई। जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी ने बताया कि अभियान के सफल संचालन हेतु जिले में कुल 1,168 टीमें, 345 सुपरवाइजर एवं 52 सब-डिपो की व्यवस्था की गई है। इनमें 1,010 हाउस-टू-हाउस टीम, 120 ट्रांजिट टीम, 25 मोबाइल टीम एवं 13 वन-मैन टीम शामिल हैं। अभियान के दौरान पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियोरोधी खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।



जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि सुपरवाइजरों के चयन में आशा फैसिलिटेटर एवं एएनएम को प्राथमिकता दी जाए। साथ ही पोलियो टीमों में आशा कार्यकर्ताओं एवं आंगनबाड़ी सेविकाओं की अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित की जाए, ताकि कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहे। उन्होंने सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों को अपने आवंटित कार्यक्षेत्र में जाकर टीमों के कार्यों का अनुश्रवण करने का निर्देश दिया। उन्होंने अभियान अवधि के दौरान प्रतिदिन सभी स्तरों पर समीक्षात्मक बैठक आयोजित कर कार्यों की प्रगति की समीक्षा करने का निर्देश दिया। साथ ही बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन एवं अन्य आवागमन स्थलों पर ट्रांजिट टीमों को सक्रिय रखते हुए आने-जाने वाले बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाना सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। जिला पदाधिकारी ने पोलियो वैक्सीन की शीत श्रृंखला (कोल्ड चेन) बनाए रखने, वैक्सीन के सुरक्षित भंडारण एवं परिवहन तथा वैक्सीन वायल मॉनिटर की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय एवं सक्रिय सहभागिता के साथ अभियान का शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करना सुनिश्चित करें। बैठक में सिविल सर्जन, नवादा, जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (आईसीडीएस), डीपीएम स्वास्थ्य, प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, जिला सामुदायिक उत्प्रेरक, स्वास्थ्य विभाग के अन्य पदाधिकारी, विश्व स्वास्थ्य संगठन के प्रतिनिधिगण एवं पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के जिला प्रतिनिधि सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

विवाहिता की संदिग्ध स्थिति में मौत

नवादा। नगर थाना क्षेत्र के नेया गांव में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। मौत के बाद उसके मायके वालों ने ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने और हत्या का आरोप लगाया है। मृतका की पहचान नेया गांव निवासी अनीश कुमार की 25 वर्षीय पत्नी खुशबू कुमारी के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, मंगलवार रात करीब 11 बजे खुशबू को पेट में दर्द की शिकायत के बाद नवादा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बुधवार सुबह उनकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलने पर मायके पक्ष के लोग सदर अस्पताल पहुंचे। मृतका के पिता भारत सिंह ने बताया कि उन्होंने करीब दो साल पहले बेटी की शादी हिंदू रीति-रिवाज से की थी। उनका आरोप है कि शादी के बाद से ससुराल वाले खुशबू को प्रताड़ित कर रहे थे और दहेज में पांच लाख रुपए मांग रहे थे। भारत सिंह ने आरोप लगाया कि मांग पूरी नहीं होने पर उनकी बेटी की हत्या की गई। खुशबू का दो महीने का बच्चा है। फिलहाल पुलिस शव का पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। नगर थानाध्यक्ष उमाशंकर सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। पोस्टमार्टक रिपोर्ट आने के बाद मौत की वजह साफ हो सकेगी। फिलहाल पूरे मामले की छानबीन की जा रही है। आवेदन मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी।

घर की सफाई के दौरान करंट लगने से महिला की मौत, गांव में पसरा मातम

नवादा। जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत दैदौर गांव में घर की सफाई करने के दौरान करंट की चपेट में आने से एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई। मृतका की पहचान दैदौर गांव निवासी कैलाश विश्वकर्मा की पत्नी रीता देवी के रूप में हुई है। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। महिला की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है।

जमीनी विवाद में मारपीट

वारिसलीगंज (नवादा) (आससे)। थाना क्षेत्र के आजमपुर गांव में जमीन विवाद को लेकर मंगलवार को दो पक्षो के बीच जमकर मारपीट की घटना घटित हुई। बाद में दोनो पक्षो द्वारा एक दूसरे के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करवाकर कुल 34 लोगो को आरोपित किया गया। पहले पक्ष के आनंदी सिंह द्वारा दर्ज प्राथमिकी में ग्रामीण तनिक सिंह, राजीव कुमार समेत 16 लोगों को आरोपी बनाया गया है। जबकि दूसरे पक्ष के तनिक सिंह द्वारा दर्ज प्राथमिकी में कुणाल कुमार, मुनचुन कुमार सहित 18 लोगो को आरोपी बनाया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

पांच महीने से नही मिली मध्याह्न भोजन की राशि

सिरदला (नवादा) (संसू)। प्रखंड क्षेत्र के सरकारी विद्यालयों में मध्याह्न भोजन योजना की राशि पिछले पांच महीने से उपलब्ध नहीं होने के कारण शिक्षकों और रसोइयों के सामने परेशानी बढ़ गई है। लंबे समय से राशि का भुगतान नहीं होने से विद्यालयों में मध्याह्न भोजन योजना का संचालन करने वाले शिक्षकों पर आर्थिक दबाव बढ़ता जा रहा है। वहीं, रसोइयों के बीच भी भुगतान को लेकर चिंता बनी हुई है। शिक्षकों का कहना है कि विद्यालयों में बच्चों को नियमित रूप से मध्याह्न भोजन उपलब्ध कराना विभागीय जिम्मेदारी है, लेकिन समय पर राशि नहीं मिलने से भोजन व्यवस्था के संचालन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार विद्यालय स्तर पर व्यवस्था बनाए रखने के लिए शिक्षकों को काफी मशक्कत करनी पड़ती है। दूसरी ओर, रसोइया भी अपने मानदेय और बकाया भुगतान को लेकर परेशान हैं। कम आमदनी में परिवार का खर्च चलाना उनके लिए मुश्किल होता जा रहा है। शिक्षकों एवं रसोइयों का कहना है कि मध्याह्न भोजन योजना बच्चों के पोषण और विद्यालय में उनकी उपस्थिति बढ़ाने की महत्वपूर्ण योजना है। ऐसे में राशि का समय पर उपलब्ध होना बेहद जरूरी है। पांच महीने से भुगतान लंबित रहने के कारण संबंधित कर्मियों में नाराजगी है। शिक्षकों और रसोइयों ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों से मध्याह्न भोजन की लंबित राशि तथा बकाया मानदेय का जल्द भुगतान कराने की मांग की है, ताकि विद्यालयों में भोजन व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हो सके और कर्मियों को आर्थिक परेशानी से राहत मिल सके।

बिहार राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष ने कस्तूरबा बालिका विद्यालय का किया निरीक्षण

नवादा। बिहार राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के माननीय अध्यक्ष डॉ अमरदीप द्वारा नवादा जिले के कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय (के जी बी भी), वृहद आश्रय गृह (बालक गृह एवं बालिका गृह इकाई-1 एवं इकाई-2), विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान तथा पर्यवेक्षण गृह का भ्रमण एवं निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर सहायक निदेशक, जिला बाल संरक्षण इकाई रीतेश कुमार एवं बाल संरक्षण पदाधिकारी अमरेंद्र मेहता उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष ने आवासित बच्चों से संवाद कर उनके भोजन, साफ-सफाई, सुरक्षा एवं देखभाल की व्यवस्था के संबंध में जानकारी प्राप्त की। अध्यक्ष ने सभी संस्थानों में रिक्त पदों को यथाशीघ्र भरने, साफ-सफाई एवं सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ करने तथा बच्चों के हित में आवश्यक सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने हेतु संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया।

मिनी गन फैक्ट्री मामले में एक अभियुक्त गिरफ्तार

नवादा। जिले में अवैध हथियार निर्माण एवं बिक्री के खिलाफ नवादा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। नारदीगंज थाना क्षेत्र के बाणगंगा में मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन करने के मामले में पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि बीते 22 अक्टूबर 2026 को नारदीगंज थाना क्षेत्र के बाणगंगा में पुलिस ने छापेमारी कर अवैध हथियार निर्माण इकाई (मिनी गन फैक्ट्री) का खुलासा किया था। इस दौरान घटनास्थल से भारी मात्रा में अर्धनिर्मित हथियार, कारतूस और हथियार बनाने में इस्तेमाल होने वाले उपकरण बरामद किए गए थे। इस मामले में पुलिस ने अनुसंधान के क्रम में कार्रवाई करते हुए अवैध हथियार निर्माण एवं बिक्री में संलिप्त एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी नारदीगंज थाना पुलिस की कार्रवाई में हुई।

अवैध पटाखों की बिक्री एवं भंडारण के विरुद्ध एसडीओ ने की छापेमारी

नवादा। अनुमंडल पदाधिकारी, नवादा सदर अमित अनुराग के नेतृत्व में बिना वैध लाइसेंस के अवैध रूप से पटाखों की बिक्री एवं भंडारण करने वालों के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान विभिन्न दुकानों एवं



प्रतिष्ठानों की जांच की गई तथा पटाखों की बिक्री एवं भंडारण से संबंधित आवश्यक लाइसेंस एवं दस्तावेजों की जांच की गई। अनुमंडल पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि बिना वैध लाइसेंस के पटाखों की बिक्री एवं भंडारण करना दंडनीय अपराध है। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

धनतेरस और दीपावली को लेकर सजने लगीं दुकानें

सिरदला (नवादा) (संसू)। धनतेरस एवं दीपावली पर्व को लेकर सिरदला प्रखंड क्षेत्र के बाजारों में रौनक बढ़ने लगी है। पर्व को देखते हुए दुकानदारों ने अपनी-अपनी दुकानों को आकर्षक ढंग से सजाना शुरू कर दिया है। स्थानीय बाजार सिरदला, बरदाहा, लौंद, बधाई सहित अन्य बाजारों में खरीदारी की तैयारियां जोरों पर हैं। बाजारों में सजावट के सामान, रेडीमेड फूल-माला, देवी-देवताओं की मूर्तियां, मिट्टी के दीये और अन्य पूजन सामग्री की दुकानें सजकर तैयार हो रही हैं। धनतेरस के अवसर पर बर्तन, सोने-चांदी के आभूषण और अन्य शुभ वस्तुओं की खरीदारी को लेकर लोगों में खास उत्साह रहता है। मान्यता के अनुसार इस दिन नई वस्तुओं की खरीदारी करना शुभ माना जाता है। वहीं, प्रत्येक घर में झाड़ू की खरीदारी भी की जाती है। धार्मिक मान्यता के अनुसार धनतेरस पर झाड़ू खरीदना शुभ माना जाता है। दीपावली को लेकर भी लोग अपने घरों की साफ-सफाई और सजावट में जुट गए हैं। घरों को रोशनी से सजाने के लिए रंग-बिरंगी लाइटें, झालर, मोमबत्तियां और मिट्टी के दीये खरीदे जा रहे हैं। दुकानदारों को उम्मीद है कि पर्व के नजदीक आते ही बाजारों में ग्राहकों की भीड़ बढ़ेगी और बिक्री में तेजी आएगी। इस वर्ष धनतेरस 6 नवंबर, शुक्रवार और दीपावली 8 नवंबर, रविवार को मनाई जाएगी। पर्व को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है और दुकानदारों के साथ-साथ आम लोग भी तैयारियों में जुटे हुए हैं।

ईंट-भट्ठों के बकाये के एकमुश्त समाधान योजना को लेकर बैठक

नवादा। जिला पदाधिकारी, नवादा रवि प्रकाश के दिशा-निर्देश पर ईंट-भट्ठों के बकाये की वसूली हेतु राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत एकमुश्त समाधान (वन टाइम सेटलमेंट) योजना के संबंध में नवादा सदर एवं रजौली अनुमंडल में ईंट-भट्ठा बकायेदारों (नीलाम पत्र देनदारों) के साथ बैठक आयोजित की गई। नवादा सदर अनुमंडल में अपराह्न 01:00 बजे तथा रजौली अनुमंडल में अपराह्न 03:00 बजे संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। बैठक में योजना के प्रावधानों की जानकारी देते हुए बकायेदारों से निर्धारित अवधि के भीतर योजना का लाभ उठाने की अपील की गई। राज्य सरकार की एकमुश्त समाधान योजना 21 सितम्बर, 2026 से 20 दिसम्बर, 2026 तक प्रभावी है। इसके तहत नीलाम पत्र वाद हेतु भेजी गई अधियाचना में उल्लिखित कुल बकाया राशि में से ब्याज की राशि को छोड़कर शेष राशि जमा करने पर संबंधित नीलाम पत्र देनदार को राहत मिल सकेगी। एकमुश्त समाधान राशि जमा करने के साथ जिला खनिज फाउंडेशन, आयकर एवं अन्य करों का भुगतान करने के पश्चात संबंधित खनन पदाधिकारी द्वारा नीलाम पत्र पदाधिकारी को प्रतिवेदन दिया जाएगा कि संबंधित देनदार पर कोई लोक मांग बकाया नहीं है। इसके आधार पर संबंधित नीलाम पत्र वाद का निस्तारण किया जा सकेगा। इस योजना के अंतर्गत वैसे ईंट-भट्ठे पात्र होंगे, जिनके विरुद्ध स्वामित्व राशि जमा नहीं करने के कारण 31 अगस्त, 2026 तक नीलाम पत्र पदाधिकारी द्वारा नीलाम पत्र वाद दायर किया गया है। योजना का लाभ लेने के इच्छुक ईंट-भट्ठा संचालक जिला खनन कार्यालय, नवादा से संपर्क कर आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। जिला प्रशासन द्वारा सभी संबंधित ईंट-भट्ठा संचालकों से निर्धारित अवधि के भीतर एकमुश्त समाधान राशि जमा कर राज्य सरकार की इस योजना का लाभ उठाने की अपील की गई है।

रेलवे फाटक पर आरओबी नहीं बनने से रोज लगता है भीषण जाम

नवादा। शहर के रेलवे स्टेशन के आगे स्थित रेलवे फाटक पर रोड ओवरब्रिज (आर ओ बी) नहीं होने के कारण लोगों को रोजाना भीषण जाम की समस्या से जूझना पड़ रहा है। जमुई-बिहारशरीफ-गया मार्ग पर स्थित इस रेलवे फाटक के बंद होते ही सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग जाती है। इसमें व्यापारी, नौकरीपेशा लोग और आम राहगीर घंटों फंसे रहते हैं। सबसे चिंताजनक स्थिति तब उत्पन्न होती है, जब जाम में एंबुलेंस भी फंस जाती है। समय पर अस्पताल नहीं पहुंच पाने के कारण मरीजों की जान पर भी खतरा बना रहता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जाम के कारण कई लोगों की जान तक जा चुकी है। वहीं, रेलवे फाटक पर वाहनों की लंबी कतार का असर रेल परिचालन पर भी पड़ता है। कई बार ट्रेनों को भी विलंब से रवाना करना पड़ता है। इसके बावजूद अब तक इस समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में ठोस पहल नहीं हो सकी है। स्थानीय लोगों ने रेलवे और जिला प्रशासन से इस मार्ग पर जल्द से जल्द आर ओ बी निर्माण कराने की मांग की है, ताकि जाम की समस्या से निजात मिल सके और आपातकालीन सेवाओं को निर्बाध रास्ता मिल सके।

'विकसित भारत युवा संवाद' में सांसद विवेक ठाकुर ने युवाओं से किया संवाद

नवादा। न्यू मगध आईटीआई के प्रांगण में बुधवार को 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' कार्यक्रम के तहत 'विकसित भारत युवा संवाद' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के जिलाध्यक्ष अजीत शंकर ने की।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नवादा के सांसद विवेक ठाकुर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश मंत्री संजय कुमार मुन्ना, रजौली विधायक विमल राजवंशी, भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल मेहता, भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष आनंद गौरव एवं प्रदेश सह-संयोजक, व्यापार प्रकोष्ठ रवि गुप्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद विवेक ठाकुर ने कहा कि युवा देश की सबसे बड़ी शक्ति हैं और विकसित भारत के निर्माण में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। शिक्षा, कौशल विकास, तकनीकी ज्ञान और नवाचार के माध्यम से युवा देश की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकास और आत्मनिर्भरता के नए आयाम स्थापित कर रहा है। युवाओं को राष्ट्र निर्माण के इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए।

विपक्ष पर निशाना साधते हुए सांसद ने कहा कि स्ढ्रक्र (विशेष गहन पुनरीक्षण) के मुद्दे पर विपक्षी दल भ्रम फैलाकर देश में अराजकता की स्थिति पैदा करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं और संवैधानिक संस्थाओं का सम्मान करना सभी की जिम्मेदारी है। लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए तथ्यों के आधार पर चर्चा होनी चाहिए, न कि जनता को भ्रमित किया जाना चाहिए।

कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने सांसद विवेक ठाकुर से विभिन्न विषयों पर सवाल पूछे। सांसद ने उनके सवालों का जवाब देते हुए जिज्ञासाओं का समाधान किया। संवाद के दौरान उन्होंने युवाओं को लोकतंत्र की रक्षा करने तथा अपने संवैधानिक कर्तव्यों का निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निर्वहन करने का संकल्प दिलाया। उन्होंने युवाओं से राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए विकसित भारत के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। संवाद के समापन पर उपस्थित युवाओं ने एक स्वर में 卐मोदी कहीं नहीं जाएंगे卐 का नारा लगाकर अपना समर्थन व्यक्त किया।

इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक एवं जिला महामंत्री अरविंद गुप्ता, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रताप रंजन, विजय पाण्डेय, जिला महामंत्री गौरव शांडिल्य 'गगन', नंदकिशोर चौरसिया, जिला उपाध्यक्ष तेजस सिन्हा, जिला पार्षद अजीत यादव, युवा मोर्चा प्रभारी अभिजीत कुमार सिन्हा, वरिष्ठ नेता सुरेंद्र कुमार चौधरी, जिला मीडिया प्रभारी गुलशन कुमार, भाजयुमो जिला महामंत्री विकास चौधरी, रोहित कुमार, उपाध्यक्ष हिमांशु कुमार, जिला मंत्री केशव कुमार, नीरज गुप्ता, सन्नी वर्मा, गौतम सोनी गौतम, अमृत राज सहित अन्य कार्यकर्ता एवं युवा उपस्थित रहे।

एनएच-20 ओवरब्रिज से महिला ने लगाई छलांग, गंभीर हालत में सदर अस्पताल में भर्ती

नवादा। शहर में एनएच-20 स्थित ओवरब्रिज से एक महिला के छलांग लगाने की घटना से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। घटना बुधवार शाम नवादा के हड्डी गोदाम के समीप की है। ओवरब्रिज से गिरने के कारण महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर उसे तत्काल सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों की देखरेख में उसका इलाज चल रहा है। महिला की स्थिति गंभीर बनी हुई है। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। हालांकि, महिला ने किन परिस्थितियों में ओवरब्रिज से छलांग लगाई, इसका स्पष्ट कारण अब तक सामने नहीं आया है। घायल महिला की पहचान भी नहीं हो सकी है। पूछताछ के दौरान महिला ने बताया कि वह सड़क पर ही रहती है, जिससे उसके बेघर होने की आशंका जताई जा रही है। इस संबंध में नगर थाना अध्यक्ष इंस्पेक्टर उमा शंकर सिंह ने बताया कि महिला के बारे में फिलहाल कोई ठोस जानकारी नहीं मिल सकी है। प्रथम दृष्टया महिला मानसिक रूप से अस्वस्थ प्रतीत हो रही है। उसकी पहचान और घटना के कारणों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। फिलहाल महिला सदर अस्पताल में भर्ती है। पुलिस उसके परिजनों और पहचान से संबंधित जानकारी जुटाने में लगी है। महिला की पहचान होने के बाद ही घटना से जुड़े अन्य पहलुओं का खुलासा हो सकेगा।

विधायक ने जनता दरबार में सुनी समस्याएं

वारिसलीगंज (नवादा) (आससे)। विधायक कुमारी अनिता ने बुधवार को नप के स्टेशन रोड स्थित श्रीगणेश धर्मशाला में जनता दरबार लगाकर नगर एवं प्रखंड के विभिन्न गांवो से पहुंचे फरियादियों से उनकी समस्याओं को सुनकर शीघ्र निदान का भरोसा दिया। जनता दरबार में बिजली, दाखिल बाद, शिक्षा, मनरेगा, सहकारिता और स्वास्थ्य विभाग से जुड़े कई मामले सामने आए। मौके पर पूर्व विधायक प्रदीप महतो, नगर सभापति प्रतिनिधि डब्लू गुप्ता, मकनपुर पूर्वी की पंसस पारो देवी समेत बिजली विभाग के कनीय अभियंता राहुल कुमार, राजस्व कर्मचारी अनुज लाल, शिक्षा विभाग के लिपिक राजेश कुमार, सहकारिता विभाग से दिनेश कुमार दास, स्वास्थ्य विभाग से डा. वीरेंद्र कुमार उपस्थित थे। मौके पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। विधायक ने निर्देश दिया कि अगले जनता दरबार में डाटा आपरेटर की उपस्थिति अनिवार्य है। ताकि प्रमुख विभागों को जनता से आई शिकायतों को भेजा जाना सुनिश्चित हो सके। ताकि समस्याओं का त्वरित निष्पादन में सहायता मिले।क्षेत्र से मिल रही जर्जर बिजली तारों की शिकायत मामले पर विधायक ने कहा कि ग्रामीण सबसे पहले विभाग को लिखित आवेदन दें। ताकि किसी अप्रिय घटना के बाद विभाग को दोषी ठहराया जा सके और पीड़ित को ससमय मुआवजा मिलने में आसानी हो।



शिक्षकों का प्रशिक्षण संपन्न

हिसुआ/नरहट (नवादा) (संसू)। निपुण भारत मिशन के अंतर्गत बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान को बेहतर बनाने के उद्देश्य से प्रखंड संसाधन केंद्र, नरहट में कक्षा-3 के शिक्षकों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण की शुरुआत प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी शशिकांत कुमार वर्मा एवं (कैवल्य एजुकेशन फाउंडेशन) पिरामल फाउंडेशन के लीडर राहत एवं दिव्या शेखावत के द्वारा संयुक्त रूप से की गई। प्रशिक्षण का संचालन मास्टर ट्रेनर नवीन कुमार और ताबिश एजाज ने किया। इसमें शेखपुरा, पुंथर, पुनौल, बभनौर और सैदापुर – इन पाँच पंचायतों के कुल 44 शिक्षकों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि कक्षा-3 के हिंदी में 8 तथा गणित में 14 दक्षताओं के आधार पर बच्चों का आकलन किया गया है।



जिले में 50 प्रतिशत से अधिक बच्चे दक्षता प्राप्त कर चुके हैं, जबकि नरहट प्रखंड में यह आंकड़ा केवल 37 प्रतिशत है। इस अंतर को कम करने के लिए शिक्षण में आवश्यक बदलावों पर चर्चा की गई। मास्टर प्रशिक्षक अदनान सर ने बताया कि प्रत्येक पाठ को उससे जुड़ी दक्षताओं के अनुरूप लक्ष्य तय कर पढ़ाया जाए तो बेहतर सुधार होगा। जैसे 'जंगल में सभा' पाठ से मौखिक भाषा, अभिव्यक्ति, पठन योजना और प्रवाह जैसी दक्षताओं को एक साथ विकसित किया जा सकता है। गणित में कैलेंडर और घड़ी के माध्यम से अभ्यास, खड़ी-आड़ी विधियों से जोड़-घटाव, और गणितीय संकल्पनाओं को दैनिक जीवन से जोड़कर समझाने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर बीईओ शशिकांत कुमार वर्मा ने कहा कि निपुण भारत मिशन के लक्ष्यों और पाठिका के सही उपयोग से बच्चों की दक्षताओं में निश्चित सुधार होगा।

PRAKASH PUNJ TEACHER'S TRAINING COLLEGE

BIJALIPUR, ATIAYAWAN, GHOSHI, JEHANABAD

(RECOGNISED BY ERC, NCTE)

Email Id. : ppttcjbd@gmail.com Mob. : 9060590319, 8541986316

WALK IN INTERVIEW

Application are invited to apply for D.El. Ed Academic Faculties & Administrative staffs by post/Email with full bio-data the Xerox copies of all certificate as per the details mentioned below :

A) **Academic Facullty :** Head of Department (HOD), Assistant Professors in perspective in Education/foundation of Education, Assistant professors in Science/Mathematics/Social Science/Humanities/Language/Fine Arts/ Perfoeming Arts and Health and Physical Education.
Qualification : As per U.G.C/NCTE Norms Pay Scale : As per U.G.C/State Govt. norms.

B **Administrative & Professoinal Staff :** U.D.C/Office Superintendent, Computer Operator cum Store Keeper, Computer Lab Assistant and Librarian.
Qualification : As per U.G.C./State Govt. Norms Pay Scale : As per state Govt. NOrms Last date of Application 16.11.2026. Date of Interview : 18.11.2026
(**Note :** Send your resume to ppttcjbd@gmail.com or to the addresses given below :

- **Prakash Punj Teacher's Training College, Bijalipur, Ghoshi, Jehanabad- 804432**

Note : The applications will be informed telephonically/by email regarding the Date of Interview. No T.A., D.A. is permissible for attending the interview.)

SECRETARY

मॉडर्न इंटरनेशनल स्कूल में हुआ छठ पूजन महोत्सव

नवादा। लोक आस्था, पवित्रता और प्रकृति उपासना के महापर्व छठ के अवसर पर मॉडर्न इंटरनेशनल स्कूल, हिसुआ में छठ पूजन महोत्सव का भव्य एवं आकर्षक आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर छठी मैया के भक्तिमय गीतों और पारंपरिक छठ संस्कृति के रंगों से सराबोर नजर आया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने पारंपरिक वेशभूषा में सज-धजकर छठ महापर्व की विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। महोत्सव के दौरान विद्यार्थियों ने छठ व्रत की पारंपरिक विधियों का सुंदर प्रदर्शन करते हुए भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने की मनमोहक प्रस्तुति दी। सूप, दउरा, फल, नारियल, दीप और पारंपरिक पूजन सामग्री से सजे दृश्य ने छठ पर्व की पवित्रता और लोक आस्था का अद्भुत एहसास कराया। वहीं, भगवान श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण के स्वरूप में सजे नन्हे विद्यार्थियों की आकर्षक झांकी कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रही। इस सांस्कृतिक प्रस्तुति में कक्षा सातवीं की पल्लवी ने माता सीता की भूमिका निभाई। वहीं, करिश्मा, प्रतिज्ञा और पीहू ने राम की माता की भूमिका में अपनी प्रस्तुति दी। कैरव, आयुष और श्रेष्ठ क्रमशः भगवान श्रीराम, लक्ष्मण एवं हनुमान के स्वरूप में नजर आए। साची सिंह और अंशिका सिंह ने आरती की प्रस्तुति दी। लक्ष्मी, हिमांगी, रिया, श्रेया, सुमन और चंचला ने छठ पूजा की पारंपरिक विधियों का सुंदर प्रदर्शन किया। वहीं, प्रियांशु, आराध्या, सांवी, प्रियांशु प्रिया, अर्पिता, कोमल, मानसी, देवश्री, रश्मि और सुहानी ने छठी मैया के जयकारों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इसके अतिरिक्त हिमांशु, साहिल, अभिनव, अंश, यश राज, अंकुश, शिवराज, जिगर, पुलकित और शाश्वत सहित अन्य विद्यार्थियों ने भी कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक डॉ. अनुज सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए छठ महापर्व के धार्मिक, सांस्कृतिक और वैज्ञानिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि छठ केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, प्रकृति के प्रति कृतज्ञता, अनुशासन, स्वच्छता और आत्मसंयम का अनुपम संदेश देने वाला महापर्व है।



न्यायालय में, श्रीमान सब जज अष्टम
नवादा।
बंटवारा वाद सं.-258/2025
पिन्टु यादव-वादी
बनाम
सौदागर यादव वगैरह-प्रतिवादीगण

सर्व साधारण सूचित किया जाता है कि उपयुक्त वाद में आप लोग 1. सौदागर यादव पिता स्व. रंगू महतो, 2. कलावती देवी पति सौदागर महतो, 3. अनील यादव पिता सौदागर महतो, 4. देवेन्द्र यादव पिता-सौदागर महता, 5. नकूल यादव पिता सौदागर महतो, 6. उपेन्द्र यादव पिता सौदागर महतो, सभी साकिनान-मोाआघोघरा, थाना-कौटाकोल, जिला-नवादा के विरुद्ध साधारण सम्मन एवं निर्बंधित डाक द्वारा नोटिस भेजा गया था, परन्तु आप लोग निश्चित तिथि को उपस्थित नहीं हुए, इसलिए इस गजट प्रकाशन के माध्यम से अगाह किया जाता है कि निश्चित तिथि दिनांक 10-12-26 को 10.00 बजे स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर पक्ष रखें अन्यथा आपके विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाई कर दिया जायेगा, इस ताकिद जाने।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मोहर से जारी किया गया।

सब जज अष्टम
नवादा।

न्यायालय,
श्रीमान् सब जज-8
नवादा
हकियत वाद संख्या-35/2026
बलराम माथुरी वगैरह..........वादीगण
बनाम
विजय मोदी वगैरह........प्रतिवादीगण

नोटिस बनामः-1. विजय मोदी, पिता-नेमधारी मोदी 2. अजय मोदी, पिता-नेमधारी मोदी 3. रजनी देवी पति-स्व. अशोक मोदी 4. अनूप उर्फ पप्पू मोदी, पिता-स्व. हीरा मोदी 5. अनुज मोदी, पिता-स्व. हीरा मोदी 6. पंकज मोदी, पिता-स्व. हीरा मोदी, ग्राम-जमुआवां, पोस्ट-कादिरगंज, थाना-कादिरगंज, जिला-नवादा।

चूं वजरिये इस नोटिस से आपलोगों को सूचित किया जाता है कि आपके विरुद्ध न्यायालय द्वारा सम्मन एवं डाक द्वारा सम्मन भेजा गया है परंतु आपलोग न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रहे हैं। अत: इस प्रकाशन के द्वारा आपलोगों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 7.12.26 समय 10.30 बजे सुबह स्वयं या अपने अधिकृत के माध्यम से उपस्थित होकर अपना उचित पैरवी करें अन्यथा वाद की सुनवाई एकपक्षीय की जायेगी। इसे ताकिद जानें।

न्यायालय सब जज-8
व्यवहार न्यायालय नवादा

न्यायालय
भूमि सुधार उपसमाहर्ता राजगीर, नालन्दा
दाखिल खारिज अपील वाद
संख्या-326/2026-2027
सिद्धेवर प्रसाद........अपीलकर्ता
बनाम्
अंचलाधिकारी गिरियक, नालन्दा अरविन्द कुमार पिता स्व. सातो साव ग्राम-बाबु बाजार गिरियक थाना-गिरियक, जिला-नालन्दा, पिन कोड-803109
दाखिल खारिजअपिलवाद
संख्या-327/2026-2027
सिद्धेश्वर प्रसाद .....अपीलकर्ता
बनाम्
अंचलाधिकारी गिरियक, नालन्दा
नागमणि कुमार वेंष्कट पिता स्व. आनन्दी सिंह, ग्राम-मरकट्टा, थाना-गिरियक, जिला- नालन्दा, पिन कोड-803109
दाखिल खारिज अपीलवाद
संख्या-328/2026-2027
सिद्धेश्वर प्रसाद.........अपीलकर्ता
बनाम्
अंचलाधिकारी गिरियक, नालन्दा मनोज कुमार, पिता स्व. वासुदेव यादव-ग्राम बाबु बाजार गिरियक, थाना-गिरियक जिला-नालन्दा, पिन कोड-803109
प्रकाशन नोटिस बनाम

चूँकि वजरीय नोटिस आपको आगाह किया जाता है कि अपीलकर्ता सिद्धेश्वर प्रसाद, पिता-स्व. जयमंगल प्रसाद, ग्राम- दौलाचक, पा.-पावापुरी, थाना-गिरियक, जिला-नालन्दा, पिन कोड-803115 के द्वारा आपके खिलाफ मेरे न्यायालय में दाखिल खारिज अपीलवाद संख्या दायर कियागया है। जिसमें आपको पक्षकार बाया गयाहै जिसमें आपको निबंधित डाक से नोटिस भेजा गया, परन्तु मोकदमा की जानकारी होने के बावजूद भी आप मोकदमा में हाजिर नहीं हो रहे है।

अतः पेपर प्रकाशन के माध्यम से आपको सूचना दी जा रही है कि आप मोकदमा की अगली तिथि 18.11.2026 को समय 11.00 बजे पूर्वाह्न असालतन या वकालतन हाजिर होकर अपना पक्ष रखें। अन्यथा आपके गैरहाजरी में मोकदमा में एकपक्षीय कार्यवाही की जायेगी। यह मेरे हस्ताक्षर वो कार्यालय के मोहर से दिनांक 02.11.2026 को जारी की जाती है। इसे सख्त ताकिद समझे।

भूमि सुधार उपसमाहर्ता
राजगीर, नालन्दा।